भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, भागलपुर

बिहार सरकार

ई0 निविदा पद्धति के अनुसार बेवसाइट एवं www.eproc2.bihar.gov.inपर

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–21/2026–27

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर।
2. निविदा आमंत्रण की तिथि :– दिनांक–21.10.2026
3. प्रिबीड मिटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– (I) दिनांक–19.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, भागलपुर।
4. परिमाण विपत्र (डाउनलोड करने) की तिथि एवं समय :– दिनांक–05.11.2026 से 26.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा प्राप्ति (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–27.11.2026 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
6. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक–28.11.2026 को 3:30 बजे अपराह्न।
7. परिमाण विपत्र का बिक्री स्थान :– वेबसाईट (WWW.eproc2.bihar.gov.in)
8. निविदा प्राप्ति का स्थान :– वेबसाईट (WWW.eproc2.bihar.gov.in)
9. आवश्यक कागजात मूल में जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय – अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक 4533 (भ0) दिनांक 22.05.2025 के आलोक में विलोपित।
10. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन

कार्य का विवरण

क. सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मुल्य + बीड प्रोसेसिंग फीस	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1.	Special Repair of O.B.C. Boy's Hostel No. 01 in the campus of T.N.B. College Bhagalpur for the year 2026-27.	41,16,700.00	82,400.00	eproc2.bihar.gov.in बेवसाइट के अनुसार	03 माह

निविदा केवल ई – निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर निष्पादित किया जायेगा। ई – निविदा प्रकिया से संबंधित जानकारी eproc2 के helpdesk no. 1800 572 6571 पर संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/prdbihar/ https://eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, भागलपुर

PR- 014194 (BCD) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

Govt. of Bihar

BIHAR Tourism

BIHAR STATE TOURISM DEVELOPMENT CORPORATION LTD
A Govt of Bihar Undertaking

BSTDC

NOTICE INVITING E-TENDER No.41/RFP/2026-27

For

TENDER FOR INSTALLATION OF A LASER LIGHT AND SOUND SHOW AT THE SHANKARACHARYA MATH IN GAYA-JI (GAYA DISTRICT), ALONG WITH ITS COMPREHENSIVE OPERATION AND MAINTENANCE FOR A PERIOD OF 5 YEARS.

File. *No:*91/Engg/2026/1471/engg/26

(Through e-procurement mode only – www.eproc2.bihar.gov.in)

1. Bihar State Tourism Development Corporation Ltd. (BSTDC) a nodal agency for executing tourism infrastructure projects in the state of Bihar, India, intends to execute tourism infrastructure projects at its tourism potential locations.
2. Bihar State Tourism Development Infrastructure Ltd. (BSTDC Ltd.) invites e-bids from eligible experienced Agency For Installation of a Laser Light And Sound Show At The Shankaracharya Math In Gaya-Ji (Gaya District), Along With Its Comprehensive Operation And Maintenance For A Period Of 5 Years.

S. No	Particular	Estimated Cost (in Lac)	Bid processing Fees (Beltron) (Non-refundable)	Bid Document Cost (Non-refundable)	Bid Security (EMD) (in Lac)	Contract Duration (Months)
1	INSTALLATION OF A LASER LIGHT AND SOUND SHOW AT THE SHANKARACHARYA MATH IN GAYA - JI (GAYA DISTRICT), ALONG WITH ITS COMPREHENSIVE OPERATION AND MAINTENANCE FOR A PERIOD OF 5 YEARS.	Rs- 827.34	As Per eproc2	Rs. 10,000	Rs- 16.55	12 months

3 Date of Inviting tender : Date- 23.10.2026
4 Date of downloading of bid document : From 19.11.2026 to 09.12.2026 up to 3:00PM. Through website www.eproc2.bihar.gov.in only
5 Place & Date of Pre-bid meeting : Date 24.11.2026 Time 03:00PM. (Office of Chief Engineer B.S.T.D.C. Patna)
6 Last date and time for receipt on eproc2 : Date 10.12.2026 up to 3:00PM
7 Last date and time for Submission of Original instrument of EMD & Affidavit : Date 11.12.2026 up to 3:00PM
8 Time and date of opening technical bids : Date 11.12.2026 Time 3:30PM Through website www.eproc2.bihar.gov.in
9 Time and date of opening of financial bids : Through website www.eproc2.bihar.gov.in
10 Place of opening of bid : Through website www.eproc2.bihar.gov.in
11 Period of bids validity : 120 days
12 Officer inviting bids : Executive Engineer (HQ), BSTDC Ltd.
13. For any information **Executive Engineer (HQ) BSTDC** can be contacted.
14. Further details of works can be obtained from the office of General Manager. For clarification, regarding the E –tendering process, please contact e-proc2.0, Helpdesk, Mjunction services Ltd., R.J. Complex, 2nd floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S. – Shastri Nagar, Patna-800014, Bihar. Toll free No:- 18005726571, Email Id: eproc2support@bihar.gov.in .

For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR- 014297 (B & C) 2026-27

Executive Engineer (HQ)
BSTDC Ltd, Patna

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

Public Health Engineering Department
P.H. Division,Chapra
Short term Re-Tender NIT No –18(R5)/2024-25 (O&M)
National Competitive Bidding
(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in)

Govt. of Bihar

1	Designation and Address of Advertiser	Executive Engineer, Public Health Division, Chapra ,Dak Bunglow Road, Chapra - 841301
2	Date of issue of Tender Notice	22.10.2026
3	Period of sale (downloading) of tender Bid Document	02.11.2026 to 09.11.2026 up to16:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in
4	Date, time & place of pre-bid meeting	04.11.2026 at 11.30 hrs. hrs in the Office of Executive Engineer, P. H. Division, Chapra
5	Last date and time of receipt (Uploading) of tender	09.11.2026 up to1 6:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in
6	Date and time of opening of technical bid	09.11.2026 at 17:00Hrs onwww.eproc2.bihar.gov.in
7	Date and time of opening of financial bid	To be informed later after the approval of technical bid.
8	Detail of Work: Comprehensive Operation and Maintenance of PWS and SVS Rural Piped Water Supply Scheme of Saran District under P.H.Division Chapra for a period of 60 months. , including the cost of energy charges and operator wages.	

GR. No.	Name of Block	Name of Scheme		Estimated Cost (inLakh)	Amount of Earnest Money (in Lakh)	Cost of Tender Document (non- refundable) (in Rs.)	BSEDC Bid ProcessingFee (in Rs.)	Completion Period (inmonths)
1	2	3		4	5	6	7	8
1	Chapra Sadar	Phakuli SVS	14 nos. PWS /SVS	711.95	1424000.00	10000.00	As per online	60
2	Rivilganj	Tekniwas PWS						
3	Ekma	Parsagarh PWS						
4	Marhourah	Mubarakpur SVS						
5	Amnour	Rasulpur SVS						
6	Mashrakh	Gandaman PWS						
7	Marhourah	Gaura PWS						
8	Garkha	Maiki SVS						
9	Dighwara	Bastijalal SVS						
10	Parsa	Firojpur SVS						
11	Garkha	Sargatti SVS						
12	Sonpur	Dudhaila PWS						
13	Garkha	Rampur SVS						
14	Sonpur	Nayagawan PWS						

The bidder shall submit his bid/tender on e-Procurement platform at www.eproc2.bihar.gov.in.

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

Executive Engineer
P.H. Division, Chapra.

PR- 014283 (PHED) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

पटना में पूर्वी भारत का पहला एलिम्को एटी मार्ट शुरू

पटना (आससे)। दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरणों के लिए अब अलग अलग जगहों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पटना के गोला रोड दानापुर में पूर्वी भारत के पहले एलिम्को एटी मार्ट की शुरुआत की गई है। यहां दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य जरूरतमंद लोगों को एक ही छत के नीचे आधुनिक सहायक उपकरणों और तकनीकी समाधानों के विभिन्न विकल्प उपलब्ध होंगे। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत कार्यरत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को की इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों के लिए सहायक उपकरणों की उपलब्धता आसान बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर जीवन जीने में मदद करना है। एटी मार्ट में लाभार्थी अपनी जरूरत के अनुसार उपकरणों की जानकारी प्राप्त कर उपयुक्त विकल्पों का चयन कर सकेंगे। एटी मार्ट में मोटराइज्ड व्हीलचेयर, इलेक्ट्रिक स्कूटी, छड़ी, बैसाखी, कृत्रिम अंग और चलने फिरने में सहायता करने वाले अन्य उपकरण उपलब्ध होंगे। इसके अलावा एआई रीडर जैसी आधुनिक तकनीकए श्रवण यंत्र और अन्य सहायक उपकरणों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इससे दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को अपनी दैनिक गतिविधियों को अधिक आसानी से पूरा करने में मदद मिलेगी। उद्घाटन के अवसर पर एलिम्को के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रवीण कुमार ने कहा कि संस्था का प्रयास है कि जरूरतमंद लोगों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप उपकरणों की जानकारी और उपयुक्त विकल्प एक ही स्थान पर मिल सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि पटना का यह केंद्र बिहार और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए उपयोगी साबित होगा। दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय बिहार के उप निदेशक सुधीर चौधरी ने कहा कि इस पहल से एलिम्को और बिहार सरकार के बीच समन्वय मजबूत होगा। इससे अधिकाधिक लोगों को सहायक तकनीकों और उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक करने में मदद मिलेगी।

251 कुंडों पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्णाहुति

पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद, जीयर स्वामी ने दया, करुणा, भक्ति और सत्संग का दिया संदेश

भभुआ/कैमूर (आससे)। परसिया में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति सोमवार को परमपूज्य श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच संपन्न हुई। भगवान श्रीलक्ष्मीनारायण की आरती के साथ पूर्णाहुति कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद 251 यज्ञ कुंडों पर 501 यजमानों ने वैदिक पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां अर्पित कर विश्वशांति की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि जीवों के प्रति दया, करुणा और भगवान के प्रति भक्ति से जीवन सार्थक बनता है। यज्ञ भगवान श्रीमन्नारायण का स्वरूप है। शास्त्रों का नियमित अध्ययन, सत्संग और संतों की सेवा से कठिन परिस्थितियों में भी समाधान का



मार्ग मिलता है। उन्होंने कहा कि सत्संग सभी आनंदों का मूल और परम कल्याण का माध्यम है। आध्यात्मिक विचारों के माध्यम से उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं के सहयोग से संचालित अन्नपूर्णा आगार में पांच लाख से अधिक लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। भभुआ, परसिया और आसपास के गांवों के स्वयंसेवकों ने दिन–रात सेवा कर भोजन व्यवस्था को सफल बनाया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा और प्रसाद वितरण में बड़ी संख्या में लोगों ने योगदान दिया। महायज्ञ के धार्मिक अनुष्ठान जगद्गुरु रामानुजाचार्य अयोध्यानाथ स्वामी, उधोप्रपन्नाचार्य स्वामी, वेंकटेश प्रपन्नाचार्य स्वामी, वैकुण्ठनाथ स्वामी, मुक्तिनाथ स्वामी और शिवपूजन शास्त्री के नेतृत्व में संपन्न हुए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

अनंत सिंह की...

कर दिया गया है। गौरतलब है कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य के रूप में उप मंत्री का दर्जा प्राप्त होने के कारण विभाग के कार्यालय आदेश (सं.–73, दिनांक 19.05.2026) के तहत उन्हें पटना के पॉश इलाके मॉल रोड स्थित आवास संख्या–01 आवंटित किया गया था। लेकिन अब मनोनयन रद्द होने के बाद उनका इस सरकारी बंगले पर अधिकार समाप्त हो गया है। भवन निर्माण विभाग के संयुक्त सचिव सह भू–सम्पदा अधिकारी द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि %आवास आवंटन (पटना केन्द्रीय पूल) नियमावली, 1986% के नियम–11(2) 1 के प्रावधानों के अनुसार, सेवा की समाप्ति के उपरांत आवास को अपने कब्जे में रखने की अधिकतम अनुमन्य अवधि केवल एक माह की होती है, जो आगामी 25 नवंबर 2026 को समाप्त हो रही है। विभाग ने उन्हें निर्देशित किया है कि वे निर्धारित तिथि यानी 25.11.2026 तक मॉल रोड स्थित आवास संख्या–01 को हर हाल में खाली कर दें।

अनंत सिंह की सदस्यता...

अनंत सिंह की विधायकी रद्द करने को लेकर अब तक क्या कार्रवाई हुई है. लेकिन स्पीकर वहां उपस्थित नहीं थे इसलिए उन्होंने सचिव से जानकारी मांगी। उमेश कुशवाहा ने कहा कि हमारे संविधान में अधिकार है कि हम इस पूरे मामले में कार्रवाई कर सकते हैं. इसीलिए जो सवाल उठा रहे हैं वह ज्यादा पढ़े लिखे होंगे. प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने यह भी कहा कि जिस तरीके से लगातार अपशब्द का प्रयोग किया जा रहा है, हमारी वह संस्कृति नहीं है. हम लोग नीतीश कुमार के साथ काम करते हैं। यह हम लोगों का सौभाग्य है कि हम लोग जो नीतीश कुमार के साथ काम करते हैं. जो लोग सवाल उठा रहे हैं वह ज्यादा पढ़े लिखे होंगे. लेकिन बता दूं कि संविधान ने ये अधिकार दिया है कि हम कार्रवाई कर सकें. जिस तरह से अपशब्दों का प्रयोग किया जा रहा है वह हमारे पार्टी की संस्कृति नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा की 24 अक्टूबर को ही हम लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष को सदस्यता समाप्त करने के लिए लेटर भेज दिया था. साथ में 10 पन्नों का सबूत भी दिया था. हमारे उम्मीदवार के खिलाफ लगातार प्रचार करते रहे थे और हमारे विरोधी उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार किया है। दिल्ली में ललन सिंह और संजय झा से जब अनंत सिंह पर कार्रवाई के बारे में पूछा गया तो दोनों नेताओं ने चुप्पी साध ली. हालांकि केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा, संजय झा जवाब देंगे। संजय झा ने कहा–हम बस खड़गे वाले मुद्दे पर बात करेंगे।

गयाजी से बैंकाक...

पर्यटन संबंध मजबूत होंगे। बोधगया में विदेशी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और अन्य स्थानीय व्यवसायों को लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि बेहतर हवाई संपर्कता से बिहार की ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी।

इस अवसर पर यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि गयाजी से बैंकाक के बीच सीधी उड़ान से भगवान बुद्ध की ज्ञान भूमि बिहार और थाईलैंड के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक व पर्यटन संबंधों को नई गति मिलेगी। इससे विदेशों से आने वाले बौद्ध श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बड़ी सुविधा मिलेगी, जिससे बोधगया सहित पूरे मगध क्षेत्र में होटल, परिवहन और हस्तशिल्प जैसे स्थानीय व्यवसायों को लाभ होगा। कार्यक्रम में इंडिगो एयरलाइंस के स्पेशल डायरेक्टर आरके सिंह ने मुख्यमंत्री को पौधा एवं प्रथम उड़ान का सां. केतिक बोर्डिंग पास भेंट किया। मुख्यमंत्री ने पटना, दरभंगा, गयाजी और पूर्णिया एयरपोर्ट के माध्यम से हवाई संपर्कता के विस्तार की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और इंडिगो के स्पेशल डायरेक्टर आरके सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

दुलारचंद हत्याकांड में...

प्रियदर्शी के लिए मोकामा टाल के पुराने दबंग दुलारचंद यादव प्रचार कर रहे थे। घटना वाले दिन दोनों का काफिला आमने–सामने हो गया, जिस दौरान दुलारचंद यादव की निर्मम हत्या कर दी गई। इस मामले में अनंत सिंह को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। जेल में बंद रहते अनंत ने यह चुनाव जीता। पटना हाईकोर्ट से मार्च में जमानत मिलने के बाद वो बाहर आए थे। अनंत सिंह की जमानत को दुलारचंद यादव के पोते नीरज कुमार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए मुकदमा दायर किया था। नीरज की मांग है कि अनंत सिंह की जमानत रद्द कर उनको जेल भेजा जाए। इस कानूनी लड़ाई में नीरज के साथ खड़े पीयूष प्रियदर्शी ने लाइव हिन्दुस्तान से कहा– 'सुप्रीम कोर्ट पर हमें पूरा भरोसा है। उम्मीद है कि हमारे दुलारचंद चाचा को न्याय मिलेगा।' नीरज ने सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में बिहार सरकार को पार्टी नंबर 1 और अनंत सिंह को पार्टी नंबर 2 बनाया है। राज्य सरकार ने 24 अक्टूबर को जवाबी हलफनामा दायर किया है। इस एफिडेविट में अनंत सिंह के खिलाफ पर्याप्त प्रतिकूल टिप्पणी है। सरकार ने कोर्ट से कहा है कि दुलारचंद यादव हत्याकांड में पुलिस की जांच में अनंत सिंह और अन्य कुछ अभियुक्तों के खिलाफ लगाए गए आरोप सही पाए गए हैं। हलफनामा में जांच की एसडीपीओ और एसपी स्तर पर सुपरविजन का हवाला देते हुए जनवरी 2026 में अनंत सिंह, मणिकांत ठाकुर और रंजीत राम के खिलाफ चार्जशीट दायर होने की जानकारी दी गई है।

दुलारचंद यादव के पोते नीरज कुमार ने अपनी याचिका में कोर्ट से कहा था कि पटना हाईकोर्ट ने अनंत सिंह को जमानत देने में उनके ही द्वारा घोषित 67 आपराधिक मामलों के इतिहास पर गौर नहीं किया। राज्य सरकार के जवाबी हलफनामा में सुप्रीम कोर्ट को बताया गया है कि अनंत सिंह की भयानक क्रिमिनल हिस्ट्री है और उन पर हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, वसूली, आर्म्स एक्ट की धाराओं में 62 केस दर्ज हैं। दुलारचंद यादव के पोते नीरज ने हत्या के बाद कहा था कि वो दादा की हत्या में शामिल लोगों को सजा दिलवाकर ही चैन की सांस लेंगे।

1268 अस्पतालों में...

पर सुविधा की जानकारी मिल सके। परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। आर्थिक कारणों से इलाज में देरी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि योजना की जानकारी राज्य के प्रत्येक नागरिकए अस्पताल प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचे। राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसन ने कहा कि सड़क दुर्घटना के बाद पहला घंटा यानी गोल्डन ऑवर बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान त्वरित चिकित्सा सहायता मिलने से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। योजना के प्रचार प्रसार से दुर्घटना पीड़ितों को उपचार संबंधी सुविधाओं की जानकारी मिलेगी और अस्पतालों तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय बेहतर होगा। परिवहन विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशों का पालन करते हुए जागरूकता गतिविधियों को प्राथमिकता देने को कहा है। उद्देश्य है कि जानकारी के अभाव में कोई भी पात्र दुर्घटना पीड़ित योजना के लाभ से वंचित न रहे और उसे निर्धारित प्रावधानों के अनुसार समय पर उपचार मिल सके।

पति की हत्या के...

सरिता देवी को पति की निर्मम हत्या के जुर्म में धारा 302 में उम्र कैद की सजा सुनाई। साथ ही 20000/का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास। इसके अलावा धारा 201 के तहत भी 7 वर्ष का कारावास और 5000/का जुर्माना। यदि जुर्माना नहीं देते हैं तो 3, माह का अतिरिक्त कारावास। सजा सुनते ही सरिता देवी रोने गिड़गिड़ाने लगी। सरकारी वकील साहब एवं पेशकार अमित कुमार के द्वारा जानकारी मिली कि सरिता देवी ने अपने प्रेमियों के साथ मिलकर अपने पति सुनील रजक की हत्या कर शरीर को लगभग 10 टुकड़ों में काट कर बोरा में डाल कर जहाँ– तहाँ फेंक दी थी ।और मुकदमा से बचने के लिए खुद सूचक बन गई थी ।परन्तु नवादा की पुलिस और सरकारी वकील राम प्रताप लाल के द्वारा ठोस साक्ष्य प्रस्तुत कर दोषी को सजा कराई।

Govt. of Bihar

Loknayak Jai Prakash Institute of Technology, Chapra

Short Notice Inviting Tenders

1. LNJPIT, Chapra has been constituted under the Department of Science, Technology and Technical Education, Government of Bihar to cater to the needs of technical education. The LNJPIT, Chapra intendent to invite bids from eligible entities supply and Installation of CCTV Camera and other equipment's in the institute Premises as mentioned in the tender document.
2. The work order/Purchase order will be given by LNJPIT, Chapra to the successful agency/bidder.
3. To participate in the e-tendering process, the bidder/agency are required to get themselves registered with eproc2.bihar.gov.in.
4. **Schedule of Events:**

Sn.	Event Description	Timeline
4.1	Last date and time of downloading the RFP	**Till 31.10.2026 eproc2.bihar.gov.in**
4.2	Pre-bid meeting (if required)	**22.10.2026 at 11:00 AM**
4.3	Submission (upload) of online bidding documents.	**Till 31.10.2026 till 5:00PM**, on eproc2.bihar.gov.in
4.4	Submission of EMD	A demand draft of **Rs.50,000/-** should be submitted in the name of Principal LNJPIT Chapra Till **31.10.2026** Upto 05:00 PM in the office of LNJPIT Chapra, Saran, Bihar-841302
4.5	Submission of Tender documents in Hardcopy/Original	Till **31.10.2026 at 05:00 PM at LNJPIT Chapra**
4.6	Opening of Technical Bid	**02.11.2026** on the eproc2.bihar.gov.in
4.7	Opening of Financial Bid	**After Evaluation of Technical Bid** on eproc2.bihar.gov.in
4.8	Venue of Pre- bid meeting	Mini conference room LNJPIT Chapra, Saran, Bihar-841302
4.9	Contact	Phone: 9835008842 Email ID-principallnjpitchapra@gmail.com principal@lnjpitchapra.ac.in
4.10	Method of Selection	Least Cost Selection (LCS) quoted among technically qualified bidder/agency

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR. No. 014268 (Sci & tech.) 2026-27

Principal
Loknayak Jai Prakash Institute of Technology Chapra

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिना किसी सबूत...

यह रकम देनी होगी और ऐसा नहीं होने पर 18 प्रतिशत की दर से ब्याज भी देना होगा।

शीर्ष अदालत ने कहा कि आरोपी को छह साल तक विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में रहना पड़ा जबकि उसके खिलाफ आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य ही नहीं थे। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को अपने अधिकारियों को जांच की सही प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षित करने की सलाह दी है। ये आदेश न्यायमूर्ति जेबी पार्डीवाला और के. विनोद चंद्रन की पीठ ने आगरा जिले के अछनेरा थाने के 2019 में दर्ज अपहरण और हत्या के एक मामले में दिए। याचिकाकर्ता अरुण उर्फ दीपक 14 नवंबर 2019 से जेल में बंद था।

सूबे में शिक्षा की...

गया है। स्कूलों में आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार के तहत 56 नए कंप्यूटर रूम, 43 लाइब्रेरी रूम, 39 साइंस लैब और 53 आर्ट एवं क्राफ्ट रूम का कार्य पूर्ण किया गया। पीएम श्री योजना के तहत 98 नये लैब रूम्स में निर्माण कार्य आरंभ कराया गया है। ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देते हुए 95 नये स्कूलों में सोलर पैनल लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया है, जिससे पूर्ण इकाइयों की संख्या पांच से बढ़कर 100 हो गयी है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास योजनाओं में छह नये बालिका छात्रावास पूर्ण किये गये हैं। साथ ही अन्य स्वीकृति परियोजनाओं पर कार्य तय समय–सीमा के तहत जारी है। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत पूर्ण हुए इन निर्माण कार्यों से राज्य के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के विद्यालयों में बैठने की जगह की कमी दूर होगी, विशेषकर छात्राओं के लिए अलग शौचालयों की व्यवस्था से नामांकन दर में वृद्धि और ड्रॉप आउट दर में कमी आएगी। वहीं प्रयोगशाला, कंप्यूटर कक्ष और पुस्तकालयों के माध्यम से बच्चों को आधुनिक शिक्षा का सीधा लाभ मिलेगा।

बिहार के जेल वार्डरों...

जिला पुलिस के अराजपत्रित कर्मियों को हर वित्तीय वर्ष में एक माह के वेतन के बराबर अतिरिक्त मानदेय देने का निर्णय लिया था। राज्य सरकार के पुराने फैसले में जेल विभाग के वार्डरों को इस बड़े लाभ से पूरी तरह वंचित रखा गया था. बाद में कारा निरीक्षणालय ने पत्र संख्या 712 दिनांक 28 जनवरी 2019 के जरिए जेल कर्मियों को संशोधित भत्ते देने का आदेश दिया, और फिर गृह विभाग (कारा) के पत्र 7876 दिनांक 3 अक्टूबर 2024 से वार्डरों को एक माह का मानदेय देने का निर्णय लिया गया, जिसे एसोसिएशन ने कोर्ट में चुनौती दी। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से पेश की गई हर दलील को माननीय कोर्ट ने सिरे से नामंजूर कर दिया. कोर्ट ने अपने पूर्व के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि निगरानी विभाग के कर्मियों को भी 2015 से ही लाभ देने का आदेश दिया गया है. उस फैसले को सरकार द्वारा चुनौती दी गई थी, लेकिन खंडपीठ ने एकलपीठ के फैसले को बिल्कुल सही ठहराया।

कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि जब मूल नीति 2015 में आई, तो फिर जेल वार्डरों को 2015 के बजाय 2019 से यह सुविधा क्यों दी जाएगी. कोर्ट ने कहा कि किसी तकनीकी चूक के कारण समाज के किसी वर्ग को पीछे नहीं छोड़ा जा सकता है. समान काम के लिए समान वेतन हमारे संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का मूल सिद्धांत है।

बिहार में नये अधिवक्ताओं...

संघों को ई–लाइब्रेरी के लिए पांच लाख की सहायता दी जाएगी. इसके लिए सरकार ने बिहार अधिवक्ता कल्याण न्यास समिति को 30 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान कर दिया है।

एसडी संजय ने कहा कि इसके अलावा महिला वकीलों के लिए अदालतों में शौचालयों की सुविधा और चेंबर में सुधार की योजना भी शामिल है. उन्होंने आगे कहा कि स्टाइपेंड योजना का लाभ लेने के लिए वकीलों को एक सौ रुपये का फॉर्म खरीद कर आवेदन करना होगा।

महाधिवक्ता ने बताया कि लाभ लेने के इच्छुक वकीलों को आवेदन के साथ मैट्रिक परीक्षा का प्रमाण पत्र, वकील के रूप में पंजीकृत प्रमाण पत्र, अनुभव एंव सक्रिय प्रैक्टिस प्रमाण पत्र, माता/पिता के आय प्रमाण पत्र, बिहार के निवासी होने का प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, एआईबीई परीक्षा पास प्रमाण पत्र, आपराधिक मामले में संलिप्तता नहीं होने का शपथ पत्र देना होगा। महाधिवक्ता के मुताबिक इन दस्तावेजों के अलावा वकीलों को वकालत पेशा के अलावा किसी दूसरे व्यवसाय में नही होने का शपथ पत्र के अलावा एक रद्द चेक देना होगा. उन्होंने बताया कि आवेदन पर एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव का हस्ताक्षर होना चाहिए।

5 शहरों में होगी...

नियमानुसार, यह कुल मान्य वोटों का 50 फीसदी होता है। जैसे, कुल मान्य वोट 10 हजार डाले गए हैं तो इसका कोटा 5000 वोट पर तय होगा। इसके बाद प्रथम वरीयता के वोटों की गिनती सबसे पहले की जाएगी। प्रथम वरीयता के वोट अगर तय कोटा से अधिक हैं तभी जीत की संभावना बनेगी। इसमें कम वोट पाने वाले उम्मीदवारों को एलिमिनेट करते हुए उसके दूसरी वरीयता के वोटों को आगे रहने वाले उम्मीदवारों के वोटों में जोड़कर गिनती की जाएगी। इसी प्रकार क्रमशः सभी वोटों की गिनती होगी और अंतिम चुनाव परिणाम जारी होगा।

पटना बांकीपुर राजकीय कन्या सीनियर सेकेंड्री स्कूल, पटना, दरभंगा प्रथम तल, खेल भवन सह व्यायामशाला, दरभंगा, सारण, एसवीएन राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, छपरा सारण, तिरहुत, प्रशासनिक भवन, एमआईटी, मुजफ्फरपुर।

गुवाहाटी के होटल...

जानकारी जुटा रही है और घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाने में लगी है। फिलहाल गोली चलाने वालों की पहचान सामने नहीं आई है। यह भी स्पष्ट नहीं हुआ है कि गोलीबारी किस वजह से हुई और हमलावरों की संख्या कितनी थी। पुलिस मौके से जानकारी जुटा रही है और मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही गोलीबारी के कारणों और इसमें शामिल लोगों के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने आ सकेगी।

एसआईआर के फैसले...

लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म 6 पर जारी विवाद पर भी आयोग ने अपनी स्थिति साफ की। आयोग ने कहा कि फॉर्म 6 में कोई संशोधन नहीं किया गया है, क्योंकि इसे संशोधित करने का अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है। स्व्ढक्रघोषणापत्र एक अलग दस्तावेज है।

खगड़िया एसपी पर...

करने को कहा है। आवेदिका के पति भानु प्रताप सिंह को आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के लिए समन भेजा गया है। आयोग की अध्यक्ष अध्यक्ष अप्सरा और उप सचिव वंदना कुमारी ने बताया कि आईपीएस अफसर भानु प्रताप पर उनकी पत्नी पूजा सिंह ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित महिला का पक्ष सुनने के बाद उनके पति को आयोग में उपस्थित होने को कहा गया है। भानु प्रताप सिंह और पूजा सिंह का का रिश्ता आज भले ही तलाक तक पहुंच गया है। एक वक्त ऐसा था जब दोनों एक दूसरे के बिना रह नहीं पाते थे। दोनों ने लव मैरिज किया था। उस समय भानु यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। उनकी मुलाकात साल 2015 में कोलकाता में हुई थी। भानु प्रताप पूजा सिंह के मौसा के दोस्त के बेटे हैं।

स्वत्वाधिकारी : ज्ञानमंडल प्रा. लिमिटेड के लिए **शिवशंकर दूबे** द्वारा शाश्वत प्रिण्टर्स यन्त्रालय, मजहरुल हक पथ, पटना से मुद्रित तथा शाश्वत प्रिण्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, मजहरुल हक पथ, पटना–८००००१ से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त
प्रबंध सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **शशि शुक्ला**
स्थानीय सम्पादक : **दीपक पांडेय**

वाराणसी : संत कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **प्रयागराज :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** झोंकनबाग, **लखनऊ :** 1, जांपलिंग रोड, **आगरा :** महात्मा गांधी रोड, **बरेली :** रोड नं. 3, परसाखेड़ा, **रांची :** नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया, **जमशेदपुर :** न्यू काली माटी रोड, साकची

वर्ष–३१ संख्या–०९७३९२५
आर.एन.आई. रजिस्ट्रेशन सं. ३३४४३/७९

पीबीएक्स : २२३५०७०–७१, ७२
स्थानीय समाचार डेस्क : २२३५०७०
इ–मेल : **patnaaj@gmail.com**
पटना जीपीओ रजिस्ट्रेशन संख्या : R-10/NP-16/2019-22

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन के लिए **स्थानीय सम्पादक** जिम्मेदार होंगे एवं समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होगा।